# अध्याय 6: बैंक और धन

## हांगकांग की मुद्रा

दैनिक चलन में आने वाले नोट HK$10, $20, $50, $100, $500 और $1,000 मूल्यवर्ग के हैं। नोट जारी करने वाले तीन बैंक नामत: हांगकांग एण्ड शंघाई बैंकिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, स्टेण्डर्ड चार्टर्ड बैंक (हांगकांग) लिमिटेड, और बैंक ऑफ चाइना (हांगकांग) लिमिटेड द्वारा HK$20, $50, $100, $500 और $1,000 के नोट जारी किए जाते हैं, और एक नई सीरिज 2018 में जारी की गई थी। इस नवीनतम 2018 सीरिज के साथ पहले के वर्षों में जारी किए गए नोट साथ मिलकर सभी विधि मान्य मुद्रा हैं और उन्हें हांगकांग में दैनिक लेनदेन के लिए उपयोग किया जा सकता है। HK$10 के नोटों के लिए सरकार द्वारा 2002 से जारी किया गया एक कागज का नोट और सरकार द्वारा 2007 से जारी किया गया एक पॉलीमर का नोट है।

सिक्के HK$10, $5, $2, $1, 50 सेंट, 20 सेंट और 10 सेंट मूल्यवर्ग में जारी किए जाते हैं।

हांगकांग में प्रचलन के नोटों तथा सिक्कों के विवरण के लिए कृपया हांगकांग मुद्रा प्राधिकरण के समर्पित वेबपेज (https://www.hkma.gov.hk/eng/key-functions/money/hong-kong-currency/) पर विजिट करें।

## विनिमय दर

1983 से हांगकांग डॉलर अमेरिकी डॉलर के साथ लगभग US$1 = HK$7.80 की दर से बंध हुआ है। चूंकि हांगकांग डॉलर और अन्यु मुद्राओं के बीच विनिमय दर रोजाना बदलती रहती है, इसलिए विनिमय की वर्तमान दर के बारे में जानने के लिए इंटरनेट, समाचार पत्र या अपने बैंक को देखना सबसे अच्छा है।

***सलाह:***

- बैंक और मनीएक्सचेंजर कमीशन लेते हैं। इसी तरह, मेहमानों और ग्राहकों को विनिमय सुविधा प्रदान करने वाले होटलों और प्रमुख आउटलेट्स द्वारा कमीशन वसूला जाता है।
- किसी भी अन्य स्थान की भांति नकद तथा यात्रि चैक के लिए विनिमय दर थोड़ा अलग होती है और सिक्कों का विनिमय नहीं किया जाता है।
- बैंको और पैसे एक्सचेंज करने वालों द्वारा पेशकश की गई विनिमय दरें एक समान नहीं होती हैं। आपको सही सौदा मिल रहा है या नहीं यह जांचने के लिए सबसे अच्छा तरीका है अलग-अलग बैंकों तथा मुद्रा बदलने वालों द्वारा पेश की जा रही दरों की तुलना करना।
- पैसे बदलने वालों को विनिमय की निवल दरों का प्रदर्शन एक विधिक बाध्यता है। आपको उनकी जांच करने तथा विनिमय के लिए धन सौंपने से पूर्व यात्रीचैक के विनिमय के लिए भुगतान योग्य किसी अतिरिक्त कमीशन की राशि की भी जांच करने की सलाह दी जाती है। जारी की गई रसीदें कानूनी होनी चाहिएं।
- आप सहायता के लिए पुलिस से संपर्क कर सकते हैं यदि आपको लगता है कि आपके साथ धोखा हुआ है।

## बैंक खाता खोलना

बैंक में खाता खोलते समय आपको अपना पहचान दस्तावेज (उदहारण मान्य यात्रा दस्तावेज और पहचान-पत्र) तथा बैंक को आवासीय पते का प्रमाण जैसी सूचना प्रदान करना आवश्यक होगा। आप हांगकांग मुद्रा प्राधिरण के समर्पित वेबपेज (https://www.hkma.gov.hk/eng/smart-consumers/account-opening) पर विजिट कर सकते हैं जो अन्य बातों के साथ-साथ खाता खोलने की प्रक्रिया के बारे में सामान्य जानकारी, दस्तावेज और जानकारी आवश्यकताएं और हांगकांग में बैंकों का संपर्क विवरण उपलब्ध करवाता है। इसके अलावा, अलग-अलग बैंकों की खाता खोलने की प्रक्रियाओं तथा दस्तावेज संबंधी आवश्यकताओं (पते के स्वीकार्य प्रमाण सहित) के बारे में बुनियादी जानकारी बैंकों की वेबसाइटों पर पोस्ट की जाती है और आप खाता खोलने के लिए बैंकों की विस्तृत अपेक्षओं के बारे में उनसे भी पूछ सकते हैं।

सामान्यत: एकल खुदरा ग्राहकों के लिए बैंक खाता खोलने के लिए कोई शुल्क या प्रभार नहीं है। बुनियादी बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच को और सुगम बनाने के लिए हांगकांग में अधिकतर बैंकों ने व्यक्ति रिटेल ग्राहकों के कुछ बैंक खातों पर अल्प खाता शेष शरुल्क हटा दिया है। हांगकांग में वे कुछेक बैंक जो अल्प-शेष शुल्क लगाते हैं, वे कमजोर

ग्राहकों के लिए शुल्क छूट दे सकते हैं और निम्न आय वाले ग्राहकों के लिए लचीला रवैया अपना सकते हैं (लचीले रवैये में अल्प आय वाले ग्राहकों को कमजोर ग्राहक मानना और अल्प शेष शुल्क से छूट देना या न्यूनतम शेष की शर्तों को पूरा न करने वालों को अल्प-शेष शुल्क से छूट देना, या उनके बुनियादी बैंक खातों के उपयोग के संबंध में ब्रांच काउंटर सेवाओं तक नि:श1ल्क पुहुँच प्रदान करना शामिल है)। अत: जब आप किसी बैंक में खाता खोलते हैं तो आपको लागू हो सकने वाले कियी शुल्क और प्रभार के बारे में विवरण प्राप्त करने की सलाह दी जाती है।

बैंक खाते खोलने और अन्य सेवाओं (उदाहरण आटोमेटेड टैलर मशीन उपयोग करना, जमा सुरक्षा योजना आदि) पर सामान्य जानकारी भाषा इंडोनेशिया, हिंदी, नेपाली, पंजाबी,, टैगलॉग, थाई और उर्दू भाषाओं में हांगकांग मुद्रा प्राधिकरण, हांगकांग एसोसिएशन ऑफ बैंक्स और ईक्वल ऑर्च्युनिटी कमीशन की वेबसाइट्स पर उपलब्ध है।

## घर वापस धन भेजना

अपने पिवार को वापस घर धन भेजते (विप्रेषण) समय सबसे उत्तम सलाह है अपने गृह देश से ऐसे बैंक को खोजना जिसकी हांगकांग में शाखाएं हों, क्योंकि उनके पास संभवत: विशेष विप्रेषण सुविधाएं हो सकती हैं। यदि नहीं, तो हांगकांग आधारित बैंक का उपयोग करें जिसकी आपके देश में शाखाएं हों।

| **इंडिया** | | |
|---|---|---|
| Axis Bank Limited | Suite 1707-1708, Central Plaza<br>18 Harbour Road, Wanchai, Hong Kong | 3656-4000 |
| Bank of Baroda | 4/F, Dina House, Ruttonjee Centre<br>11 Duddell Street, Central, Hong Kong | 2521-5166 |
| Bank of India | 2/F, Ruttonjee House<br>11 Duddell Street, Central, Hong Kong | 2524-0186 |
| Canara Bank | Room 904, Aon China Building<br>29 Queen's Road Central, Hong Kong | 2529-1398 |
| HDFC Bank Limited | Suite 1707, 17/F, Tower 1<br>The Gateway, Harbour City<br>25 Canton Road, Tsim Sha Tsui<br>Kowloon | 3107-2972 |

| | | |
|---|---|---|
| ICICI Bank Limited | Units 1504B-1505, Level 15<br>International Commerce Centre<br>1 Austin Road West, Kowloon | 2234-2600 |
| Indian Overseas Bank | 3/F, Ruttonjee House<br>11 Duddell Street, Central, Hong Kong | 2522-7157 |
| Punjab National Bank | Room 1003, 10/F, Li Po Chun Chambers<br>189 Des Voeux Road Central<br>Hong Kong | 2970-4819 |
| State Bank of India | 15/F, Central Tower<br>28 Queen's Road Central, Hong Kong | 2523-3166 |
| UCO Bank | Suites 4102-4106, 41/F, Cosco Tower<br>183 Queen's Road Central, Hong Kong | 2524-9240 |
| Union Bank of India | Unit 1903-1904, 19/F<br>9 Queen's Road Central, Hong Kong | 2524-2221 |
| **इण्डोनेशिया** | | |
| PT. Bank Negara Indonesia (Persero) TBK. | G/F, Far East Finance Centre<br>16 Harcourt Road, Central<br>Hong Kong | 2529-9871 |
| PT. Bank Mandiri (Persero) TBK. | 7/F, Far East Finance Centre<br>16 Harcourt Road, Central<br>Hong Kong | 2877-3632 |
| **पाकिस्तान** | | |
| National Bank of Pakistan | Units 1801-1805, 18/F, FWD Financial Centre, 308-320 Des Voeux Road Central, Hong Kong | 2541-5321 |
| **फिलिपिंस** | | |
| BDO Unibank, Inc. | G/F, Euro Trade Centre<br>13-14 Connaught Road Central<br>Hong Kong | 2868-0323 |
| Philippine National Bank | Unit 02, 9/F<br>Tung Wai Commercial Building<br>109-111 Gloucester Road<br>Wan Chai, Hong Kong | 2543-1066 |

| थाईलैंड | | |
|---|---|---|
| Bangkok Bank Public Company Limited | Bangkok Bank Building<br>28 Des Voeux Road Central<br>Hong Kong | 2801-6688 |
| Kasikornbank Public Company Limited | Unit 3316, 33/F<br>China Merchants Tower<br>Shun Tak Centre<br>168-200 Connaught Road Central<br>Hong Kong | 2526-6811 |
| The Siam Commercial Bank Public Company Limited | Suites 3209, 32/F, Jardine House<br>1 Connaught Place Central<br>Hong Kong | 2524-4085 |

***सलाह:***

- हांगकांग में कोई विनिमय नियंत्रण नहीं है, इसलिए आप जितना चाहे उतना धन ला सकते हैं या भेज सकते हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय टेलीफ्राफिक सेवा तेज और कुशल है। हांगकांग में सभी प्रमुख बैंक आपको यह सेवा प्रदान कर सकते हैं।
- टेलीग्राफिक अंतरण या बैंक ड्राफ्ट द्वारा अमेरिकी डॉलर में धन भेजें - डाक द्वारा या आपके देश लौटने वाले दूसरे व्यक्तियों के माध्यम से नकद धनराशि न भेजें।